# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.08.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अस्सीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का यह संबोधन आज शाम सात बजे आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा। इस विशेष प्रसारण के कारण आकाशवाणी रांची से शाम सात बजे प्रसारित होने वाला प्रादेशिक समाचार बुलेटिन आज अपने निर्धारित समय से पहले, यानी शाम पौने सात बजे प्रसारित किया जाएगा।

*****************

देश कल अपना 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले से समारोह की अगुवाई करेंगे। समारोह स्थल पर भारतीय वायु सेना के दो एमआई–17 हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा करेंगे। राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ ही 21 तोपों की सलामी दी जाएगी। पुष्प वर्षा के बाद, प्रधानमंत्री लाल किले के प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे।

*****************

हर घर तिरंगा अभियान के तहत हजारीबाग में स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन तिरंगे के महत्व को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। उनका कहना है कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है और इसे पाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया। हजारीबाग की धरती से स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कई सेनानी जुड़े रहे हैं।

*****************

गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय ने जनगणना–2027 के लिए परिवार अनुसूची से संबंधित प्रश्नावली अधिसूचित कर दी है। इसमें 40 सवाल हैं। इनमें माता–पिता का विवरण, आधार, मोबाइल नंबर, कुल बैंक खातों की संख्या, काम के स्थान तक आने–जाने का विवरण, धर्म और जाति से संबंधित सवाल हैं।

*****************

उत्तराखंड के चमोली जिले में हुए हादसे में झारखंड के खूंटी, गुमला समेत कई जिलों के श्रमिक फंस गए, जिसके बाद एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी से बात कर श्रमिकों की सुरक्षित वापसी का भरोसा मांगा। झारखंड सरकार ने मदद के लिए टोल फ्री नंबर 1800–3456–526 और व्हाट्सऐप नंबर 9470132591, 9431336472, 9431336427 जारी किए हैं।

*****************

राजधानी रांची में सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता की मांग को लेकर छात्रों का आंदोलन 21वें दिन भी जारी है। इस बीच, अस्वस्थ छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो ने अस्पताल से एक वीडियो संदेश भेजकर छात्रों से एकजुट रहने की अपील की है।

*****************

कोरोना काल के लॉकडाउन के दौरान पलामू समेत झारखंड में बड़े पैमाने पर हुई जंगलों की कटाई के मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद और न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की खंडपीठ ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए सीआईडी को दोबारा जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत ने जांच की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई है। यह अवमानना याचिका पलामू के सामाजिक कार्यकर्ता कमलेश कुमार सिंह ने दाखिल की है।

*****************

जमशेदपुर में खेले जा रहे नवल टाटा हॉकी झारखंड जूनियर स्टेट हॉकी चैंपियनशिप 2026 के सेमीफाइनल मुकाबलों में एनटीएचए ने रांची को 5–2 और सिमडेगा ने खूंटी को 4–2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में रांची के निकोलस और दूसरे में सिमडेगा के असीम एक्का को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। फाइनल में एनटीएचए का सामना सिमडेगा से होगा, जबकि तीसरे स्थान के लिए रांची और खूंटी आमने–सामने होंगे।

******************